आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 31.01.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- संसद का बजट सत्र आज दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि बजट सत्र, 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार करेगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा की महिला टीम चैंपियनशिप में उत्तराखंड फाइनल में, कल हरियाणा से होगा मुकाबला।
- बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू, पाण्डुकेश्वर के योग ध्यान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद तेल कलश– गाडू घड़े को नरेंद्रनगर के लिए रवाना किया गया।

## राष्ट्रपति अभिभाषण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विश्वभर में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के एक स्तंभ के रूप में दुनिया के सामने उदाहरण पेश कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान पांच करोड़ जनजाति लोगों के लिए शुरू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने का फैसला किया है।

संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण को आज दोपहर बाद लोकसभा और राज्यसभा में रखा गया।

## आर्थिक सर्वेक्षण

वित्त वर्ष–2025 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा आज संसद के दोनों सदनों में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

## प्रधानमंत्री / बजट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

## राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा की महिला टीम चैंपियनशिप में उत्तराखंड ने फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। उत्तराखंड ने असम से पहला मुकाबला हारने के बाद अगले तीन मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करते हुये फाइनल में अपनी जगह बनाई है। फाइनल में उत्तराखंड का मुकाबला कल हरियाणा से होगा। टीम इवेंट में सिंगल्स मुकाबला जीतने वाली अक्षिता मनराल से आकाशवाणी से हमारी सहयोगी पंकज सनवाल खुल्बे से विशेष बातचीत की।

उधर, पिथौरागढ़ में उत्तराखंड की बॉक्सिंग टीम ने राष्ट्रीय खेल 2024 में विजयी आगाज किया है। 57 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तराखंड के पवन बर्थवाल ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ओडिशा के अक्षय को पहले ही राउंड में नॉकआउट कर शानदार जीत दर्ज की।

## योगासन अल्मोड़ा

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत अल्मोड़ा में आज खेल मंत्री रेखा आर्या ने योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा को योगासन की मेजबानी करने का अवसर मिलना गर्व की बात है। खेल मंत्री ने कहा कि देशभर से आए खिलाड़ियों को अल्मोड़ा की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से जरूर परिचित होना चाहिए।

चार फरवरी तक चलने वाली योगासन प्रतियोगिता में उत्तराखंड, गुजरात और महाराष्ट्र सहित 22 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता पांच श्रेणियों में आयोजित की जा रही है।

## झांकी कलाकर

गणतंत्र दिवस पर उत्तराखण्ड की झांकी को तीसरा स्थान मिलने के बाद झांकी के कलाकारों ने आज नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झांकी में शामिल सभी 16 कलाकारों को 50–50 हजार रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की झांकी को तीसरा स्थान मिलने से प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और धार्मिक विरासत को देश–विदेश में विशिष्ट पहचान मिल रही है।

## बदरीनाथ कपाट

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। धाम के शीतकालीन गद्दी स्थल पाण्डुकेश्वर के योग ध्यान मंदिर में पूजा अर्चना और भोग लगने के बाद तेल कलश– गाडू घड़े को आज नरेंद्रनगर के लिए रवाना किया गया। दोपहर तेल कलश नृसिंह मंदिर, जोशीमठ पहुंचा। गाडू घड़ा आज देर शाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर डिम्मर पहुंचेगा, जहां रात्रि विश्राम के बाद दो फरवरी को डिमरी पंचायत द्वारा तेल कलश राजमहल नरेंद्र नगर को सौंपा जाएगा। गौरतलब कि वसंत पंचमी के दिन राजमहल में राज पुरोहित और टिहरी के राजा की अगुवाई में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा पौड़ी

सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग पौड़ी की ओर से मुख्य बस अड्डे पर वाहन चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी दी गई। संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर परिवहन कार्यालय में वाहन चालकों की आंखों की जांच और स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।